DAY — **17** SEAT NUMBER | | | | | | |

2025	III	05	1500	**J-416**	(H)

PSYCHOLOGY (48)

Time : 3 Hrs. **(6 Pages)** **Max. Marks : 80**

सूचना : *(१) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।*

(२) दाहिनी ओर के अंक पूर्ण गुण दर्शाते हैं।

(३) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पन्ने पर लिखिए।

प्र . १. (अ) कोष्ठक में दिए गए उचित विकल्पों का चयन करके निम्नलिखित विधानों की पूर्ति कीजिए एवं पुन: लिखिए : **[२०]** (५)

(१) १८७० के दशक तक मानसशास्त्र ----- की शाखा थी।

(भौतिकशास्त्र , तत्त्वज्ञान , शरीरशास्त्र)

(२) संवेदना के ------ तत्त्वानुसार हम अपूर्ण आकृति को पूर्ण करके देखते हैं।

(समीपता, समानता, समावेशन)

(३) भावनिक भाषिक गैरव्यवहार (वर्तन) में ----- समावेश होता है।

(नकारने का, बहिष्कृत करने का, अपमानास्पद बोलने का)

(४) साँस फूलना यह चिंता विकृति का ----- लक्षण है।

(वर्तनात्मक, मानसिक, शारीरिक)

(५) यह विश्वास रखना कि अच्छे दिन हमारे जीवन में जरूर आएँगे अर्थात् ----- ।

(निराशावाद, लचीलापन, आशावाद)

(ब) निम्नलिखित 'अ' तथा 'ब' समूहों के शब्दों की उचित जोड़ियाँ मिलाइए : (५)

'अ' समूह	'ब' समूह
(अ) रसायन शास्त्र	(१) आंतरवैयक्तिक बुद्धिमत्ता
(ब) हॉवर्ड गार्डनर	(२) सामना करो या भागो
(क) स्वादुपिंड	(३) विसंगत भावना
(ड) भय	(४) प्राकृतिक शास्त्र
(इ) छिन्नमनस्कता	(५) मानसिक आयु
	(६) अंत:स्त्रावी ग्रंथि

(क) निम्नलिखित विधान 'सत्य' हैं या 'असत्य', लिखिए : (५)

(१) कृत्रिम बुद्धिमत्ता की कुछ मर्यादाएँ होती हैं।

(२) राहुल भावनात्मक दृष्टि से बहुत ही अच्छे वातावरण वाले परिवार में पल बढ़ रहा है, परिवार के ऐसे अच्छे वातावरण से वह अधिक सुसमायोजित बनेगा।

(३) सर्जनशील विचार के लिए पहले से तैयारी की आवश्यकता नहीं होती है।

(४) स्वयं को घायल करने की प्रवृत्ति यह उस व्यक्ति को तज्ञ व्यक्ति की सहायता की आवश्यकता दर्शानेवाला संकेत है।

(५) मास्टन को सकारात्मक मानसशास्त्र का जनक माना जाता है।

(ड) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर केवल 'एक' वाक्य में दीजिए : (५)

(१) अमेरिकी मानसशास्त्र का जनक किसे माना जाता है?

(२) प्रवाही बुद्धिमत्ता और स्फटिक बुद्धिमत्ता इन बुद्धिमत्ताओं की संकल्पनाएँ किसने दी हैं?

(३) कथावस्तु आसंवेदन परीक्षण किसने निर्मित किया है?

(४) निष्पक्षता से सुनने से आपका क्या अभिप्राय/ आशय है?

(५) दूसरा व्यक्ति जो भी अनुभव कर रहा है, उसे समझ पाने की क्षमता क्या कहलाती है?

प्र. २. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर २५ से ३० शब्दों में लिखिए (कोई <u>पाँच</u>) : [१०]

(१) मानवतावाद के उदय के विषय में संक्षेप में लिखिए।

(२) भावनिक बुद्धिमत्ता का क्या अर्थ है? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

(३) प्रधानगुण विशेष का अर्थ उचित उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

(४) भावनात्मक अनुभव के समय शरीर के बाहर होने वाले परिवर्तन लिखिए।

(५) द्विध्रुवीय विकृति के लक्षण लिखिए।

(६) मानसिक आरोग्य के प्रथमोपचार में अंधश्रद्धा व्यक्ति को किस प्रकार से रोकती है? स्पष्ट कीजिए।

(७) नासमझी शब्द का अर्थ अपने शब्दों में लिखिए।

प्र. ३. निम्नलिखित विषयों पर ५० से ६० शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए [१२]

(कोई चार) :

(१) निरीक्षण पद्धति

(२) अवधान विभाजन

(३) भावनिक सुदृढ़ता के लाभ

(४) भयगंड

(५) आंतरजाल *(internet)* पर अत्यधिक निर्भरता

(६) शून्य के ऊपर जीवन

प्र. ४. निम्नलिखित उदाहरणों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर केवल शब्दों में [८]

लिखिए (कोई चार) :

(१) दिनेश ने व्यायाम का प्रमाण बढ़ा दिया तो उसके शरीर से चरबी का प्रमाण कम हो गया। व्यायाम और चरबी के प्रमाण में कौन सा सहसंबंध है?

(२) बबन हमेशा दूसरों को समझता है, और सभी के साथ मिल-जुल कर रहता है, तो बबन के अंदर बुद्धिमत्ता का कौन-सा प्रकार अधिक प्रमाण में है?

(३) पुरस्कार और प्रशंसा के कारण शैलेष तैरना सीख गया। यह अध्ययन के कौन-से प्रकार का वर्णन है?

(४) दु:खी रहनेवाली मनीषा को उसकी सहेलियों ने कहा कि ''हम तेरे दु:ख में सहभागी हैं,'' और उसे हर दिन घूमने जाने की सलाह दी तो मनीषा की सहेलियों ने अल्गीकृति *(ALGEE)* योजना के अंतर्गत कौन-सी कृति का अवलंबन किया?

(५) तीव्र वेदना के कारण प्रशांत के पैरों में शल्य क्रिया करनी पड़ी। इस दु:ख में से वह शीघ्र ही बाहर आ गया और ठीक हो गया, फिर से पहले जैसे क्रिकेट टीम में खेलने लगा, तो प्रशांत में कौन-से प्रकार का लचीलापन दिखाई देता है?

(६) नमूना संदर्भ अंतर्गत शिक्षकों ने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर राष्ट्रीय शिक्षण नीति २०२० *(NEP)* संदर्भ द्वारा उनके मतों की जानकारी हासिल की तो शिक्षकों ने जानकारी एकत्रित करने के लिए कौन-सी पद्धति का उपयोग किया?

प्र. ५. निम्नलिखित संकल्पनाओं में से प्रत्येक को २५ से ३० शब्दों में स्पष्ट कीजिए (कोई <u>पाँच</u>) : **[१०]**

(१) वृत्तेतिहास पद्धति

(२) व्यक्तित्त्व

(३) संवेदन

(४) क्रोध के कारक

(५) सूचना अवस्था

(६) निरोगी (गहरी) नींद-स्व सहायता उपाय योजना

(७) सजगता

प्र. ६. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर दिए हुए मुद्दों के आधार पर प्रत्येक ८० से १०० शब्दों में लिखिए : **[१०]**

(१) समस्या समाधान प्रक्रिया के चरण स्पष्ट कीजिए :

मुद्दे :

(i) समस्या पहचानना

(ii) वैकल्पिक समाधान निर्माण करना

(iii) किसी एक विकल्प का चयन करना

(iv) विकल्पों को लागू करके पालन करना

(२) क्रोध व्यवस्थापन के प्रतिसाद दृष्टिकोण *(respond approach)* स्पष्ट कीजिए :

मुद्दे :

(i) परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा

(ii) सामने वाले व्यक्ति से बात करना

(iii) सक्रिय श्रवण

(iv) स्वयं का गुस्सा पिंजरे में बंद करना

(३) मानसिक विकृति के निकष स्पष्ट कीजिए :

मुद्दे :

(i) चिकित्सालयीन लक्षण

(ii) मनस्ताप और अक्षमता

(iii) कार्यात्मक बिगाड़ (निष्क्रियता)

(iv) तीव्र तनाव कारक को दी जाने वाली सर्वसामान्य अपेक्षित प्रतिक्रिया मानसिक विकृति का लक्षण नहीं मानी जाती है।

प्र. ७. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> प्रश्न का उत्तर १५० से २०० शब्दों में लिखिए : **[१०]**

(१) बुद्धिमापन परीक्षण के विविध प्रकार स्पष्ट कीजिए।

(२) व्यक्तित्व मापन की विभिन्न विधियाँ स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆